संचिका संख्या–01/स्था०राज०–379/2025–28.

बिहार सरकार

गन्ना उद्योग विभाग

प्रेषक,

**अरूण कुमार,**
अवर सचिव।

सेवा में,

**प्रभारी पदाधिकारी,**
वित्त (वै०दा०वि०को०) विभाग,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक– 07. जनवरी, 2026

विषय :– **श्री विवेक सिंह, सहायक निदेशक (शष्य) व्याधिविद कार्यालय–उप निदेशक, ईख विकास, पूसा (समस्तीपुर) के दिनांक–08.09.2025 से 07.10.2025 तक प्रभार रहित अवधि का सेवा विनियमन की स्वीकृति के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि कृषि विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या–4142 दिनांक–06.09.2025 क्रमांक–42 द्वारा बिहार कृषि सेवा कोटि–1 (शष्य) समूह 'ख' (मूल कोटि) के पदाधिकारी श्री विवेक सिंह की सेवा गन्ना उद्योग विभाग को सौपी गयी। श्री सिंह द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी, सिवान के ज्ञापांक–1556 दिनांक–06.09.2025 के द्वारा सहायक निदेशक (शष्य) के पद से दिनांक–06.09.2025 के अपराह्न से स्वतः प्रभार त्याग किया गया है। श्री विवेक सिंह द्वारा दिनांक–08.09.2025 के पूर्वाह्न मे गन्ना उद्योग विभाग में अपना योगदान समर्पित किया गया।

विभागीय अधिसूचना संख्या–1528 दिनांक–06.10.2025 क्रमांक–7 द्वारा श्री विवेक सिंह, को सहायक निदेशक (शष्य) व्याधिविद कार्यालय–उप निदेशक, ईख विकास, पूसा (समस्तीपुर) के पद पर पदस्थापित किया गया है। श्री विवेक सिंह के द्वारा सहायक निदेशक (शष्य) व्याधिविद कार्यालय–उप निदेशक, ईख विकास, पूसा (समस्तीपुर) का दिनांक–08.10.2025 के पूर्वाह्न में प्रभार ग्रहण किया गया। इस प्रकार प्रभार रहित अवधि दिनांक–07.09.2025 से 07.10.2025 तक है।

अतएव वित्त विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–10128 दिनांक–26.12.2003 के आलोक में श्री विवेक सिंह, सहायक निदेशक (शष्य) व्याधिविद कार्यालय–उप निदेशक, ईख विकास, पूसा (समस्तीपुर) का दिनांक–08.09.2025 से 06.10.2025 तक कुल–29 (उनतीस) की अवधि को पदस्थापन की अनिवार्य प्रतिक्षा में बितायी गयी अवधि एवं दिनांक–07.10.2025 को पारगमन काल के रूप में विनियमन की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. इस पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना की सहमति एवं अपर मुख्य सचिव, गन्ना उद्योग विभाग का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन
ह०/–
**अवर सचिव।**

**ज्ञाप संख्या–01/स्था०राज०–379/2025–28.** **/पटना, दिनांक-07 जनवरी, 2026**

प्रतिलिपि– महालेखाकार, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, समस्तीपुर उप सचिव कृषि विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
**अवर सचिव।**

**ज्ञाप संख्या–01/स्था०राज०–379/2025–28.** **/पटना, दिनांक-07 जनवरी, 2026**

प्रतिलिपि– उप निदेशक, ईख विकास, पूसा (समस्तीपुर)/श्री विवेक सिंह, सहायक निदेशक (शष्य) व्याधिविद कार्यालय–उप निदेशक, ईख विकास, पूसा (समस्तीपुर)/श्रीमती शालीनता रानी, आई.टी. प्रबंधक, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

07/01/26
**अवर सचिव।**

Vand. letter